NBT
नवभारत टाइम्स

# संतकबीरनगर: 14,800 रुपए के नकली नोट के साथ एक गिरफ्तार

सख्ती के साथ पूछे जाने पर पकड़े गए युवक ने बताया कि वह पिछले 4-6 महीने से गांव में घूम-घूम कर सौ रुपये के बदले दो सौ रुपये देता है। पुलिस कप्तान ब्रजेश सिंह ने बताया कि वह बेलीपार गोरखपुर से प्रदीप कुमार नाम के व्यक्ति से नकली करंसी लेता है।

नवभारत टाइम्स | Updated: 06 Jul 2019, 07:17:00 PM IST



One Arrested In Santkabirnagar With Fake Currency




आरोपी के साथ पुलिस

**संतकबीरनगर**

संतकबीरनगर जिले में स्वाट टीम और महुली पुलिस की संयुक्त टीम ने जाली नोटों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। महुली से हरिहरपुर मार्ग राजघाट पुल पर घेराबंदी करके पुलिस टीम ने इस युवक को गिरफ्तार किया। इसके पास से 14 हजार 800 रुपए के नकली नोट बरामद किया गया। इसके पास से एक मोटरसाइकल भी बरामद है।

पुलिस पकड़े गए अभियुक्त के विरूद्व धारा 489 बी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा। पुलिस कप्तान ब्रजेश सिंह ने बताया कि स्वाट टीम प्रभारी करूणाकर पांडेय महुली इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने संयुक्त टीम के साथ खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोसाईपुरवा निवासी दयाशंकर यादव पुत्र रामललित को पकड़ा तलाशी के दौरान उसके पास से 14 हजार 800 रुपये भारतीय नकली नोट बरामद हुआ।

सख्ती के साथ पूछे जाने पर पकड़े गए युवक ने बताया कि वह पिछले 4-6 महीने से गांव में घूम-घूम कर सौ रुपये के बदले दो सौ रुपये देता है। पुलिस कप्तान ब्रजेश सिंह ने बताया कि वह बेलीपार गोरखपुर से प्रदीप कुमार नाम के व्यक्ति से नकली करंसी लेता है। उसके विरुद्व कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया तथा इस जाल को फैलाए गए अभियुक्त तथा अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने स्वाट तथा महुली पुलिस टीम की प्रशंसा की है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/gorakhpur/one-arrested-in-santkabirnagar-with-fake-currency/articleshow/70106812.cms